Rediffusion/Edelman

Coverage Report: TCS IT Wiz – Kolkata Edition

Publication: Dainik Bhaskar
Date: 01/09/2016
Edition: Jamshedpur
Page No: 3
Headline: Loyola reaches national finals of TCS IT Wiz

कोलकाता में आयोजित रीजनल फाइनल में लोयोला विजेता, राजेन्द्र विद्यालय बना उपविजेता

टीसीएस आईटी विज क्विज के नेशनल में पहुंची लोयोला की टीम

जमशेदपुर . डीबी स्टार

शहर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी मेधा की दमदार प्रस्तुति दी है। टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) की ओर से बुधवार 31 अगस्त को कोलकाता के संगीत कला मंदिर प्रेक्षागृह में आयोजित 'टीसीएस आईटी विज इंटर स्कूल क्विज' के रीजनल फाइनल की विजेता लोयोला स्कूल जमशेदपुर की टीम बनी है। स्कूल की टीम अब मुंबई में होने वाले फाइनल में पूर्वी भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

क्विज की उप विजेता भी शहर के स्कूल राजेन्द्र विद्यालय की टीम रही। फाइनल में कोलकाता समेत पूर्वी भारत के विभिन्न प्रदेश की छह टीमें शामिल थीं, जिसमें से दो टीम जमशेदपुर की थी। विजेता रही टीम में शामिल अभिनव कुमार सिंह और प्रनीत शेखर को आईपैड एयर और उपविजेता रही टीम में शामिल शदान कलाम और अदनान अज्मत को आईपैड मिनी का पुरस्कार मिला। फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम को भी टीसीएस की ओर से स्पेस पैक, सेल्फी स्टिक, इयरफोन, ब्लूटूथ स्पीकर और पेनड्राइव दिए गए। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय सांख्यिकी संस्थान कोलकाता के निदेशक डॉ.संघमित्रा बंदोपाध्याय और टीसीएस के पूर्वी क्षेत्र के उपाध्यक्ष सुरेश मेनन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। क्विज का संचालन देश के मशहूर क्विज मास्टर पिकब्रेन गिरी बालासुब्रमण्यम ने किया।

क्विज में पांच राउंड थे

क्विज में पांच राउंड थे। पहला राउंड लैंडिंग पेज का था, जिसमें प्रतिभागियों को कॉन्टेक्स्ट आधारित सवालों के जवाब देने थे। दूसरे राउंड सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन में विभिन्न टीमों से सर्च इंजन से संबंधित सवाल पूछे गये। तीसरा राउंड गोइंग वायरल था, जिसमें हालिया वायरल वीडियो से लेकर उसके ट्रेंड पर सवाल पूछे गये। चौथे राउंड नेट वर्थ में कम्प्यूटर और तकनीक से संबंधित स्टार्ट अप और उन स्टार्ट अप की विभिन्न एजेंसी द्वारा की जाने वाली फंडिंग से संबंधित सवाल थे। अंतिम राउंड बज़र राउंड थे, जिसमें गलत वालों के लिए निगेटिव मार्किंग थी।

15 शहरों में क्विज का आयोजन

टीसीएस के उपाध्यक्ष सुरेश मेनन ने बताया कि यह क्विज देश का सबसे बड़ा स्कूल आईटी क्विज है। इस क्विज को देश के 15 शहरों में आयोजित किया गया। इन शहरों के विजेता क्विज के दूसरे चरण रीजनल राउंड में पहुंचे। अब रीजनल राउंड में सफल रहने वाली टीम का मुकाबला नेशनल में होगा, जो मुंबई में होगा। यह क्विज इन शहरों में हुआ-अहमदाबाद, बंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोचि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे और विशाखापटनम।

डिफॉल्ट इज डिजिटल

सुरेश मेनन ने बताया कि इस साल क्विज का थीम था-डिफॉल्ट इज डिजिटल। इस क्विज को आयोजित करने का मकसद स्कूली विद्यार्थियों में नवीनतम तकनीक की अंडरस्टैंडिंग के साथ ही उसके भविष्य को बताना है। क्विज में कक्षा आठ से बारहवीं तक के स्टूडेंट्स भाग लेते हैं। क्विज के प्रारंभिक चरण में लिखित परीक्षा के आधार पर फाइनलिस्ट का चयन होता है।

इन विषयों से संबंधित सवाल पूछे

क्विज में विभिन्न क्षेत्र में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के एप्लीकेशन पर आधारित सवाल पूछे गये। ये सवाल टेली कम्युनिकेशन से लेकर क्लाउड कम्प्यूटिंग, बायो मेट्रिक्स, रोबोटिक्स, इंटरनेट वर्ल्ड, वेबसाइट, आईटी बज्ज वर्ड पर थे। इसके अलावा आईटी में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ब्रांड, कंपनियां और मशहूर शख्सियत से संबंधित सवाल पूछे गए।